भारत सरकार

विदेश मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या– 3655

दिनांक 13.03.2026 को उत्तर दिए जाने के लिए

ब्रिक्स शिखर सम्मेलन

3655. श्री रामप्रीत मंडल

श्री दिनेश चंद्र यादव

क्या **विदेश मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) भारत की अध्यक्षता में आयोजित ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के मुख्य विषयों का ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान सभी सदस्य देशों के बीच अपनी-अपनी स्थानीय मुद्राओं में व्यापार के संबंध में कोई पहल की गई थी अथवा समझौता हुआ था, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ग) बर्तमान में ब्रिक्स देशों के साथ भारत का व्यापार कितना है?

उत्तर

विदेश राज्य मंत्री

(श्री पबित्र मार्गेरिटा)

(क) भारत ने अब तक चार बार (2012, 2016, 2021, और अब 2026) ब्रिक्स की अध्यक्षता की है । प्रत्येक अध्यक्षता एक अलग विषय पर आधारित रही है जो भारत की प्राथमिकताओं को दर्शाती है, जैसा कि नीचे दिया गया है:

क्र. सं.	अध्यक्षता वर्ष	विषय
1	2012	वैश्विक स्थिरता, सुरक्षा और समृद्धि के लिए ब्रिक्स साझेदारी
2	2016	उत्तरदायी, समावेशी और सामूहिक समाधान तैयार करना (ब्रिक्स)
3	2021	ब्रिक्स@15: निरंतरता, मजबूती और आम सहमति के लिए ब्रिक्स

		देशों के बीच सहयोग
4	2026	अनुकूलन, नवाचार, सहयोग और स्थिरता निर्माण

(ख) ब्रिक्स संरचना के भीतर सभी सदस्य देशों के बीच अपनी-अपनी स्थानीय मुद्राओं में व्यापार पर कोई करार नहीं है। तथापि, स्थानीय मुद्रा वित्त के मुद्दे पर ब्रिक्स इंटरबैंक कोऑपरेशन मैकेनिज्म के संदर्भ में चर्चा की गई है।

(ग) वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए ब्रिक्स देशों के साथ भारत के व्यापार की मात्रा का ब्यौरा अनुबंध-I में दिया गया है।

अनुबंध- I

व्यापारिक वस्तुओं में ब्रिक्स व्यापार		
देश का नाम	**2024-25** में भारत से निर्यात	**2024-25** में भारत द्वारा आयात
चीन	14.25	113.46
रूस	4.88	63.84
संयुक्त अरब अमीरात	36.64	63.42
सऊदी अरब	11.76	30.12
इंडोनेशिया	5.38	22.78
दक्षिण अफ्रीका	7.46	10.55
इथियोपिया	0.48	0.07
ईरान	1.24	0.44
ब्राजील	6.77	5.44
मिस्र	3.41	1.33
डाटा यूएस डॉलर बिलियन में		स्रोत: डीजीसीआईएस

ब्रिक्स सेवा व्यापार		
देश नाम	**2024-25** में भारत से निर्यात	**2024-25** में भारत द्वारा आयात
सऊदी अरब	4.74	1.1
ब्राजील	3.73	1.78
संयुक्त अरब अमीरात	6.12	4.24
चीन	8.6	7.3
इंडोनेशिया	2.44	1.51
दक्षिण अफ्रीका	1.93	1.11
ईरान	0.6	0.24
इथियोपिया	0.38	0.14
रूस	1.65	1.58
मिस्र	1.13	1.59
मूल्य य़ूएस डॉलर बिलियन में स्रोत: डब्ल्यूटीएस आँकड़ें		

*****